and I have no doubt also that the officers in the Food Ministry who are very well trained will be able to rise to the occasion to meet this challenge. Still I feel—I have got a fear in my mnd—that we will not be able to manage this much quantity. It is not a question of only storage. Whatever storage facilities you may be able to get or procure, whether in the schools or in the private godowns of the country still our foodgrains will be much more than what you can possibly arrange for, more so because the foodgrains of the rabi crop will come within two months. When there is a shortage, arrivals in the market are not much, but when there is a surplus, the farmer tries to unload his grains in the market because he knows that the prices are not going to rise. Therefore, I would like that, apart from storage space, you may also think of revising your policies by which so much of storage may not take place.

My first suggestion is that, instead of having a single zone, you may have three zones in this country, so that the wheat or other grains may flow on private level also, so that there may not be much pressure on the FCI, which is a single agency handling this affair in the country.

The second suggestion that I want to make is that you must change your psychology, your policy. When we were deficit, you were having certain policies, certain rules which were quite right when we were deficit. But since we are surplus now, I would like to ask you as to what is the necessity of having controls or restrictions on the movement of wheat products. Wheat products should be allowed to move all over India. That will certainly relieve the pressure on the FCI. The 250 units of floor-mills in India are working to a capacity of 20 or 30 per cent. If the mill products are permitted to move all over India, surely, the mills will get more work and they will consume more wheat. That will reduce the pressure on storage.

The second point I would like to raise is with regard to the prices of the foodgrains. Every year you have an Agricultural Prices Commission which advises you on prices of foodgrains. But the farmers are not happy because the prices fixed by you are not in consonance with the prices which they have to pay on the inputs etc. For instance, you have seen, all the States have raised the water rates and the electricity rates. The prices of tractors are prohibitive. You have raised the prices of fertilisers. If you see their economy, you will find that the farmer is not happy because while he is producing more for the nation, he is not getting the same remuneration as he was required to have or at least what he used to have in the past. You have commissions for fixing prices of other commodities but why do you not have commissions which will go into the prices of inputs and the cost of the grain which he produces. There in order to have a long-term policy, you must go into this aspect and also wherever you can reduce the prices, whether it be of fertilisers or tractor or other inputs, you must do that.

The third point I would like to mention is with regard to irrigation. The Indus Water Treaty of 1960 gave unrestricted use of water to India after 1970 March. We have spnt Rs. 100 crores in foreign exchange which was paid to Pakistan as compensation, to get the use of the waters of the Ravi, the Beas and the Sutlej. But we have not been able to tame and utilise the waters of the Sutlej. So far as the Ravi and the Beas are concerned, after 1970 we could have utilised those waters. But after payment of Rs. 100 crores, still Pakistan is taking advantage of that water which is flowing to Pakistan. We have not been able to make use of that water. May I ask from the Ministry why is it so? Why have we not been able to utilise the water? Firstly you said that there are inter-State disputes. But those disputes are not there. Punjab and Kashmir have settled. You have unilaterally decided to give water to a large extent

[Shri Raghunandan Lal Bhatia]

to Haryana. That is all right. That is your decision. That is all right. But why are you not going ahead with the Thein Dam scheme when you know it that this scheme is pending for the last 7-8 years? No clearance is given to it. May I know why it is so? Because sometimes it is said that it is an energy scheme and it has very little irrigation potential...(*Interruptions*) Whatever it is, this is a problem which you have to tackle but you are running away from it. We have got certain misunderstandings about this scheme, whether the centre is at all interested to carry out this scheme. You have said about Punjab. But Punjab is giving you 90 per cent of the rice procurement to the Central Pool and it is giving 60 per cent of the total wheat to your national pool. Even many States put together cannot give 60 per cent. Punjab alone with 12 small districts is giving you 60 per cent of the national pool. When there is a war—1965 and then 1971—it is the Punjabis who have borne the brunt of it But what are you doing for Punjab? This is one scheme which we are requesting you again and again for the last 7-8 years, but you are silent about it. I would request the Minister to categorically let us know whether you are interested to carry on this scheme or not, whether it has irrigation potential or not and whether it is an energy scheme or not, or whatever it is. We are very sentimental about it and we want a clear-cut answer from the Centre, for even if you clear the scheme to-day, it will take 6-8 years for completion and you are unnecessarily wasting a national water which is going to Pakistan If we utilise that water we will be able to bring more than a million acres under cultivation and we will be able to save all the money that we are spending now on import of foodgrains. . . .

MR. CHAIRMAN: Which is that scheme?

SHRI RAGHUNANDAN LAL BHATIA: Thein Dam.

You can well afford to spend millions and millions of rupees on import of foodgrains but you cannot afford to spend Rs. 200 crores on this scheme, I would, therefore, strongly request the Minister to make a categorical statement on this Thein Dam.

श्री बलीराम सिंह (बाह्य दिल्ली) : सभापति जी, मैं कृषि मंत्रालय की मांगों को सपोर्ट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। कई वर्षों के अकाल के बाद इस वर्ष हमारी माननीया प्रधान मंत्री जी के आह्वान पर जो बीस सूत्री कार्यक्रम चला— उस का परिणाम है कि हमारे किसानों ने बहुत अच्छी पैदावार कर के दिखलाई है। आप जानते हैं कि गेहूं और दूसरी चीजें जैसे चना, जो, आदि इस वर्ष देश के अन्दर इतनी मौजूद हैं कि हमारा देश आज धन-धान्य से भरपूर है। लेकिन, सभापति जी, देखने में यह आया है कि किसान जितनी ज्यादा पैदावार को बढ़ाता है, उतना ही उस की पैदावार का रेट गिर जाता है। आप को याद होगा, पिछली दफा उत्तर प्रदेश में किसानों ने बहुत ज्यादा आलू पैदा किया। एक रुपए का ढाई किलो आलू तो दिल्ली में बिका और उत्तर प्रदेश में एक रुपये का चार किलो आलू बिका—इतना ज्यादा भाव आलू का गिर गया। लेकिन जब वह माल किसान के घर से चला गया तो आज आलू का भाव क्या है —आप देख लीजिये, दुगना, तिगुना भाव हो गया है। किसान का उत्साह इन बातों से टूट जाता है।

गेहूं का भाव प्राइस कमीशन ने 105 रुपया मुकर्रर किया है, लेकिन आज आप किसी भी मार्किट में जायें, कोई भी ग्राहक इस बात के लिए तैयार नहीं हैं कि 105 रुपये में खरीद ले। फूड कार्पोरेशन के इन्स्पैक्टर मार्केट में जाते हैं, किसान की ढेरियों को छोड़ कर चले जाते हैं, नहीं खरीदते हैं, नतीजा यह होता है कि किसान को उस ढेरी को सस्ते दामों पर बेच कर अपना पीछा छुड़ाना पड़ता है। जब सरकार ने 105 रुपए का भाव मुकर्रर किया है तो फिर उस भाव पर उस

के माल को क्यों खरीदा नहीं जाता ? किसान इस बात से बहुत परेशान है । हालांकि 105 रुपए का भाव बहुत कम है । प्राइस कमीशन ने पता नहीं किस तरह से हिसाब लगा कर यह भाव मुकर्रर किया । एग्रीकलचर कमीशन की सिफारिशें ज्यादा भाव के लिए थीं, लेकिन उन की बात को नहीं माना गया ।

मैं इस मौके पर एक बात कहना चाहता हूं—इस प्राइस कमीशन में किसानों का नुमाइंदा जरूर होना चाहिए ताकि किसान को तसल्ली हो सके, कि प्राइस कमीशन में उस का नुमाइन्दा है जो बैठ कर भाव को मुकर्रर करेगा । किसान इस से निश्चित हो जाएगा, वह यह समझ लेगा कि वहां पर उस का नुमाइन्दा जा रहा है, वह ठीक कर रहा है ।

सभापति जी, आप जानते हैं कि बिजली के रेट बढ गए हैं । जैसा अभी भाटिया साहब बतला रहे थे—डीजल के रेट भी बढ गए हैं, कैमिकल खाद जो पिछले साल से पिछले साल 50 रुपए चोरी में मिलती थी, इस दफा 105 रुपए में मिल रही है । जब हर चीज का भाव इतना बढ जाय और किसान की पैदावार का भाव न बढे, तो इस का किसान के मन पर क्या असर पडेगा आप खुद अन्दाजा लगा सकते है । मैं चाहता हू कि इस तरफ आप अपनी तवज्जह लगायें—आखिर किसान किस लिए पैदावार को बढायें, वह नेशन की खिदमत के लिए तैयार है, पैदावार ज्यादा से ज्यादा बढाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन भाव की कमी को वह बहुत ज्यादा महसूस करता है ।

बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्दर सारे हिन्दुस्तान के अन्दर लैंड-लैस लोगों को, जो बगैर-जमीन के लोग हैं, उन को जमीनें बांटी जा रही हैं । किसी को एक एकड मिलती है, किसी को दो एकड़ मिलती है । आप सोचिये एक एकड़ या दो एकड़ जमीन में किसान कैसे गुजारा कर सकता है । वह बैल खरीदें या ट्यूब-वैल बनायें—उस के पास साधन नहीं है, पैसा नहीं है । इस सिलसिले में मैं एस सजेश्चन देना चाहता हूं—आप एक्सपैरिमेंट के तौर पर एक ऐसा यूनिट कायम कीजिए, जहां 100 किसान ,मिल जाए, उन्हें जोतने के लिए एक या दो ट्रैक्टर दीजिए, जैसी वहां पर जरूरत हो उसके लिहाज से दीजिए और उनसे जुताई के पैसे चार्ज किये जाय । इसी तरह से वहां पर ट्यूब-वैल या नहर का इन्तजाम कीजिए और जब वे पानी लें तो उन से पानी का पैसा ले लीजिए । अगर हम छोटे किसानों को इस तरह की सहूलियत दे तो इस से उस का काम चल सकेगा, वरना उन को बहुत परेशानी होगी ।

सभापति जी, जैसा कई माननीय सदस्यों ने कहा है—हमारे देश में सिंचाई की बहुत दिक्कत है । बहुत सी ऐसी जगह हैं जहां पानी नहीं पहुचता और पानी के न पहुचने से किसान कोई भी चीज वहां पर पैदा नहीं कर सकता । अभी थीयन स्कीम की बात भाटिया जी ने उठाई थी । हम ने भी वहां जा कर देखा है, तलवाडा तक हम देख कर आये है, वह स्कीम अभी तक पूरी नहीं हो सकी है । पजाब और हरियाणा की नदियों के पानी का सवाल बहुत दिनों से का हुआ था, मै कृषि मत्री जी को बधाई देता हू, उन्होंने उस का फैसला कर दिया है । और उम्मीद करता हू कि वह फैसला ज्यों का त्यों अटल रखा जाएगा और रद्दोबदल नहीं होगा ताकि और जगहों के फैसले भी इसी तरह से हो जाएं ।

सभापति महोदय एक बात मैं कई साल से कहा रहा हू और हमारे माननीय शिन्दे साहब हमारे सामने हैं दिल्ली के किसानों की जिन की जमीनें ऐक्वायर हो गई हैं, 115 गावों की, उन्होंने अपने पडोस हरियाणा में कुछ जमीनें खरीद ली हैं । लेकिन वह अपना पैदा किया हुआ अनाज वहां से दिल्ली नहीं ला सकते हैं । किसान के तौर पर मैं बताता हू कि नरेला गांव मेरे चुनाव क्षेत्र में है, उस गाव के लोगों की जमीन हरियाणा में मौजूद है

[श्री दलीप सिंह]

जो बिलकुल मिली हुई है। वह उन खेतों पर से गेहू उठा कर नही ला सकते है, मजबूरन उन को गेहू हरियाणा में बेचना पड़ता है। तो मतलब यह हुआ है कि जो किसान गेहू पैदा करता है, वह किसान अपना गेहू खाता है। चाहे वह किसान मद्रास का हो, पजाब का हो या हरियाणा का हो, उन को सहूलियत है कि अपना पैदा किया हुआ गेहू या चावल खाये। लेकिन दिल्ली के लोग अपना पैदा किया हुआ गेहू नही खा सकते। तीन साल से इस बात पर पाबन्दी है। इसलिए मेरा मत्री जी से अनुरोध है कि जिन की अपनी जमीन है उन को राशन के हिसाब से जो दिल्ली मे मिलता है, एक दफा उस हिसाब से अपना पैदा किया हुआ अनाज लाने की इजाजत दे दी जाय ताकि वह अपने गेहू को दिल्ली मे ला सके और अपने खाने के लिए इस्तेमाल कर सके।

सभापति महोदय अब तो यह पोसिबिल न हो जाएगा।

श्री दलीप सिंह आप किसी मडी मे जाइये अनाज के ऊपर से जानवर और गाडिया घूम रही है। लेकिन दिल्ली वाले अपना पैदा किया हुआ अनाज यहा नही ला सकते है। अगर आप उन को लाने की इजाजत दे दे तो 115 गावो के लोग आप के बहुत आभारी होगे।

MR CHAIRMAN: Kindly make a note of this request, it is reasonable

श्री दलीप सिंह दिल्ली के देहात शहर की गिरफ्त मे आ गये है। दिल्ली की आबादी बढती जा रही है और दिल्ली के किसानो को बढ़िया जमीनें बस्तिया बनाने के लिए ली जा रही है। अभी झुग्गी झोपडी वालों को निकाला जा रहा है और उन को दूर बसाया जा रहा है। हम ने कई बार कहा कि इस काम के लिए जो बजर जमीन हो उसे लिया जाय। लेकिन जो फर्टाइल जमीन है, जिस जमीन के अन्दर 50,60 मन एकड मे पैदा होती है, ऐसी हमारी जमीन छीनी जा रही है। इसलिए मेरा कहना है कि दिल्ली के किसानों की उपजाऊ जमीन न लें जिस से वह अपने बच्चों का पालन पोषण कर सकें। आज उस जमीन पर झुग्गी झोपडिया डाली जा रही है। जिस जमीन मे 10 मन बीघा का गेहू पैदा होता है क्या वही झुग्गी झोपडी डाली जाय? और बहुत ही बजर जमीन है वहा पर क्यों नहीं झुग्गी झोपड़ियों को डाला जाता है? मेहरबानी कर के इतना आप कर दे कि जो दिल्ली की फर्टाइल लैंड है उस को पीछे रखा जाए और जब कहीं भी आप को जमीन न मिले तभी उपजाऊ जमीन को लिया जाए और उस को प्रायरेटी न दी जाए।

इन शब्दो के साथ मे आप का बहुत मशकर हू कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया।

प्रो० एम० एल० सक्सेना (महाराजगंज) सभापति महोदय, शिन्दे साहब ने एक विरोधी सदस्य के कुछ शब्द यहा पढे थे। मुझे सुन कर दुख हुआ। आज वह जमाना नही है कि विरोध के लिये ही विरोध किया जाय। जहा तारीफ की बात हो वहा तारीफ भी करनी चाहिए। और सारे सदन ने कृषि मत्रालय की तारीफ की है। इसलिये मै शिन्दे बाबूजी की और उन के सहयोगियों को बधाई देता हू। बहुत अच्छी तरह से माननीय जगजीवन राम जी ने इस मत्रालय को सम्भाला है। पहले जब वह कृषि मत्री थे तो ग्रीन रिवोल्यूशन लाये, जब सुरक्षा मत्री थे तो देश को सफलता मिली और अब की 114 मिलियन टन गल्ला पैदा किया जिस के लिये वह बधाई के पात्र हैं।

मैं ने अखबार में पढ़ा था पिछले हफ्ता कि अमेरिका से 4 मिलियन टन अनाज, एक मिलियन टन शुगर और

3 मिलियन टन गेहूं, हम पर जबरदस्ती लादा जा रहा है । मेरी समझ में यह नहीं आता कि जब हमारे यहां इतना ज्यादा गेहूं का उत्पादन हुआ है, तो इस को क्यों लिया जा रहा है । एक मुकदमा भी अमेरिका में चल रहा है जिस में हम ने खराब गल्ले देने के कारण मुआवजे की मांग की है । क्या मंत्री जी यह बताएंगे कि इतना अनाज क्यों अमेरिका से खरीदा जा रहा है ?

अब एक और शिकायत मंत्रालय से है और वह यह है कि इस साल इतनी ज्यादा पैदावार हुई है कि किसान उस से परेशान हो गया है और गल्ले के दाम बहुत ज्यादा गिर गये हैं । आज बाजार में 85-90 क्वींटल गेहूं बिक रहा है और जो सपोर्ट प्राईस गवर्नमेंट ने फिक्स की है, वह भी किसान को नहीं मिल रही है । दूसरी बात यह है कि अधिकारियों से बनियों ने साठगांठ कर ली है और कम दामों पर किसानों का गेहूं बिक रहा है और जो मुनाफा होता है उस को वे आपस में बांट लेते हैं । सब से जरूरी बात आज यह है कि किसान को कम से कम सपोर्ट प्राइस अपने गल्ले की मिले वैसे वह प्राइस 125 रुपये क्वींटल होनी चाहिए थी ।

अब मैं फोरेस्ट्री के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । आज कल जो देहरादून में फोरेस्ट रिसर्च इन्स्टीट्यूट के चेयरमैन श्री जगदीश प्रसाद हैं, मैं खुश हूं कि उन का अभिनन्दन किया गया है । उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है । वे 22 साल तक अन्दमान में रहे हैं और 6 साल से उत्तर प्रदेश में काम कर रहे हैं । बहुत विरोध के बावजूद वे अच्छा काम कर रहे हैं और यह खुशी की बात है कि इस बात को समझा गया है और उन को सम्मानित किया गया है लेकिन मैं चाहूंगा कि जल्दी से यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन उन के बारे में फैसला करे । आज फोरेस्ट का डेवलपमेंट होना बहुत जरूरी है और वे बहुत काबिल आदमी हैं ।

इस के बाद मैं जमीन के बटवारे के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । आज लोगों को जमीन बांटी जा रही है, यह बहुत खुशी की बात है लेकिन मैं आप को बताऊं कि हमारे यहां भुतनी में एक तीन एकड़ का टुकड़ा 22 आदमियों में बांटा गया । इस का मतलब यह हुआ कि एक एक आदमी के हिस्से में करीब 1/7 एकड़ जमीन का टुकड़ा हिस्से में आया । अब इतना छोटा सा टुकड़ा एक आदमी के लिए बेकार है । इसलिए मैं यह कहूंगा कि आप अगर किसी को जमीन देते हैं तो कम से कम एक एकोनामिक यूनिट तो दीजिए वर्ना जमीन बांटने का कोई फायदा नहीं हैं । बड़े बड़े लोग जो हैं वे सीलिंग लाज से बच जाते हैं और खराब जमीनें ही लोगों को दे देते हैं । इसलिए मैं बहुत जोर लगा कर कहूंगा कि आप लोगों को ऐसी जमीनें दीजिए जिनमें वे खेती कर सकें ।

अब मैं फर्टिलाइजर्स पर आता हूं । आज उन की कीमत इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि उन का इस्तेमाल बहुत कम हो गया है । मैं चाहता हूं कि सन् 1972 में जो फर्टिलाइजर्स की कीमतें थीं, वही कीमतें होनी चाहिए जिस से लोग उन को खरीद सकें ।

फ्लड्स के बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि जितने भी बांध हैं उन को वार फुटिंग पर पूरा करना चाहिए । राष्ट्रीय हित की दृष्टि से नेपाल की जल-कुंडी योजना बहुत महत्व की है । 22 साल पहले श्री गुलजारी लाल नन्दा

[प्रो० एस० एल० सक्सेना]

जी ने इस के बारे में कहा था लेकिन अभी तक उस पर अमल नहीं किया गया है। मैं चाहता हूं कि नेपाल सरकार से सलाह कर के इन को पूरा किया जाए जिस से पूरे गोरखपुर डिविजन को बाढ़ से बचाया जा सके। आज वहां पर इस के कारण बहुत बाढ़ आ जाती है। यह खुशी की बात है कि आप ने रीवर डिस्प्यूट्स को हल कर दिया है लेकिन इस को भी आप को देखना चाहिए।

यह भी खुशी की बात है कि आप ने कानून से कर्जों की माफी गावों में कर दी है लेकिन देहातों में अब कर्ज मिलता नहीं है। आप वहां पर बैंक वगैरह की कोई ऐसी व्यवस्था करें जिस से उन को कर्ज मिल जाए नहीं तो उन के सामने आज बड़ी मुश्किलें आ रही हैं।

एक बात मैं यह कहना चाहूंगा कि गेहूं और चावल की प्राइस डिटरमिन करने के लिए साइंटीफिकली काम होना चाहिए। जो किसान का खर्च हो, उस को ध्यान में रख कर प्राइस उस को मिलना चाहिए। मैं ऐसा समझता हूं कि आज जो प्राइस किसान को मिल रही है, वह काफ़ी कम है। खाद के दाम अधिक हैं, पानी के अधिक हैं। लगान बहुत ज्यादा है और इनके साथ साथ जितनी भी इनपुटस हैं उनके दाम बहुत बढ़ गए हैं। इस वास्ते आप पता लगाएं। साइंटीफ़िकली कि उसका क्या कास्ट आफ प्रोडक्शन आता है व्हीट, राइस, गन्ने, जूट, काटन आदि का ताकि उनको सपोर्ट प्राइस और रिम्यूनरेटिव प्राइस मिल सके।

शूगर इंडस्ट्री के नैशनलाइजेशन का प्रस्ताव आपने बम्बई अधिवेशन में पास किया था। इसको सात साल हो गए हैं। लेकिन आपने इसके बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। या तो आप कह दें कि नहीं करना है और करना है तो वैसा आप साफ़ साफ़ कह दें। यह जो अनिश्चितता की स्थिति है यह तो खत्म होनी चाहिये। अब क्या हो रहा है। वे लोग मशीनरी की रिपेयर तक नहीं करवा रहे हैं। प्रोडक्शन इस वजह से घट रहा है, रिकवरी गिर रही है। राष्ट्रीयकरण आप कर दें तब तो बहुत अच्छा है। अगर नहीं करना है है तो कम से कम आप कह द इस बात को ताकि वे लोग रुपया लगा सकें और काम ठीक हो सके।

शूगर केन एरियर्ज भी पचास करोड़ से ज्यादा के हैं। ये बकाये गरीब किसानों के बकाया पड़े हुए हैं। उन को इन एरियर्ज को दिलाने के लिए आप कोई सख्त कार्रवाई करें। जिन फैक्ट्री के जिम्मे बीस लाख से ज्यादा के एरियर्ज हों उनको आप प्रोकमन कर दें और इनके एरियर्ज इनको दिलाएं। कोई और सख्त कार्रवाई आप कर सकते हैं तो वही कार्रवाई कर के आप कम से कम इस बात की व्यवस्था तो करें कि उनका पैसा उनको मिल जाए। यह बहुत बेजा बात है। वे तो मौज करें और किसान मरे, यह ठीक बात नहीं है।

शूगर केन का डिवलेपमेंट नहीं हो रहा है। उसकी भी बहुत खराब हालत है। जहां 1940 और 1942 में रिकवरी दस परसेंट होती थी वहां आज आठ परसेंट ही हो रही है। इसकी तरफ़ आपने ध्यान नहीं दिया है। वाटर लागिंग और सीपेज आदि की जो समस्याएं हैं उनको आपने हल नहीं किया है। गंडक योजना से जब नहरें निकाली गईं तब कहा गया था कि ड्रेनेज पर चौदह

करोड़ रुपया खर्च आप करेंगे ताकि वाटर लागिंग न हो और सीपेज न हो लेकिन उसको भी आपने नहीं किया। उस तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये और इस समस्या को आपको हल करना चाहिये।

खंडसारी पर आपने पिछले साल ड्यूटी बढ़ाई थी। हमने विरोध किया था। इसको इस साल भी वापिस नहीं लिया गया है। इसे आप वापिस लें। यह एक नेशनल इंडस्ट्री है, काटेज इंडस्ट्री है।

प्राविडेंट फंड का लोगों का रुपया ये खा जाते हैं जमा नहीं करते हैं। जो ऐसा करते हैं उसके खिलाफ़ कार्रवाई होनी चाहिए। घघली चीनी मिल, गोरखपुर, से मेरे पास एक पत्र आया है जिसमें यह कहा गया है कि पिछले तीन महीने से उनको वेतन नहीं मिला है। उसमें यह लिखा हुआ है :

इधर आपने पिछले तीन महीनों का वेतन श्रमिकों में नहीं बांटा है। फल-स्वरूप श्रमिकों में भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। हमें डर है कि निकट भविष्य में अनाज के अभाव में कोई पत्र उन्होंने मिल के मनेजर को लिखा है।

मौत न हो जाए। यदि कोई मौत हुई तो इसकी पूरी पूरी जिम्मेदारी आप पर होगी।

अब एक मजदूर की तनख्वाह तीन सौ रुपये होती है। उसके नौ सौ रुपये बकाया हो गए।

श्री जगजीवन राम : कौन सी फ़ैक्ट्री है।

प्रो० एस० एल० सक्सेना : घुघली चीनी मिल, घुघली, गोरखपुर।

उनके यहां रिकवरी आठ रह गई है। यह सब वाटर लागिंग और सीपेज की वजह से हुआ है। उन्होंने सैंट्रल बैंक के चेयरमन श्री पट्टा को लोन के लिए प्रार्थनापत्र दिया। लेकिन उनको लोन नहीं मिल रहा है। आज फ़ैक्टरी की हालत खराब है तो उनको लोन नहीं दिया जा रहा है। इधर भी आपका ध्यान जाना चहये ताकि वे श्रमिकों को वेतन आदि दे सकें। उनको लोन दिलाने का प्रबन्ध किया जाना चाहिए।

मैं बहुत से सोशलिस्ट देशों में गया हूं। वहां पर मैंने देखा है कि अगर वे कैटल, पिगरी और पोल्टरी नहीं रखते हैं तो उनको मुनाफा नहीं होता है। अकेले गल्ला पैदा करके किसान मुनाफ़ा नहीं उठा सकता है। पिगरी, पोलटरी आदि की तरफ़ भी इस वास्ते आपको ध्यान देना चाहिये। जो गल्ला पैदा करते हैं वे कैटल, पोलटरी, पिगरी आदि भी रखें तो मुनाफ़ा उनको हो सकता है।

इन शब्दों के साथ मैं इन मांगों का समर्थन करता हूं।

श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव (सीतामढ़ी) : सभापति महोदय, मैं कृषि तथा सिंचाई मन्त्रालय की डिमांड्स का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं कृषि मंत्री से कुछ निवेदन भी करना चाहता हू, जिस से कृषि इत्यादि में सुधार हो सके।

मैं आप के माध्यम से कृषि मंत्री जी का ध्यान उत्तरी बिहार की बागमती योजना की ओर ले जाना चाहता हूं। यह योजना करीब 29 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही है, जिस में से अभी तक

[श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव]

करीब 3 करोड रुपए खर्च हो गए हैं, लेकिन फिर भी बागमती की धारा में परिवर्तन हो गया है। भारत-नेपाल सीमा से करीब बीस मील उत्तर में ननथर पहाड है। उस पहाड से बागमती निकलती है और उस के बगल में ही एक नदी मनुसमारा है। मनुसमारा और बागमती की धाराओं के मिलने में सिर्फ 150 गज की दूरी रह गई है। गत वर्ष उत्तरी बिहार में और खासकर सीतामढि दरभगा, मोतीहारी और मुजफ्फरपुर में जो फ्लड आया था, उस का कारण यह था कि गत वर्ष बागमती और मनुसमारा नदियों के मिलने में सिर्फ 400 गज की दूरी रह गई थी। उन नदियों की धाराओं के मिलने में 400 गज की दूरी होने पर उत्तरी बिहार के इन क्षेत्रों में एक प्रलयंकर बाढ आई थी, जिस का निरीक्षण मंत्री महोदय ने भी किया था।

इस लिए अच्छा हो अगर मंत्री महोदय नेपाल के सिंचाई मंत्री को दिल्ली में बुलावें और सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारियों तथा इंजीनियरों को दिल्ली में बुलायें या यदि सम्भव हो तो वह सैंट्रल वाटर एंड पावर कमीशन के चेयरमैन और अन्य अधिकारियों तथा इंजीनियरों के साथ काठमांडू जायें और एक टेबल पर बैठ कर इस बारे में चर्चा करें। जिस तरह उन्होंने कोसी और गंडक योजना के लिए पहाड में बांध बनाने की व्यवस्था की है, उसी तरह वह इस योजना के सम्बन्ध में भी कोई व्यवस्था करें। यदि बागमती नदी और मनुसमारा नदी की धारायें इस साल बरसात में पहले मिल जाती हैं, तो उत्तरी बिहार में, खासकर दरभगा, सीतामढी मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और मोतीहारी जिलों में पिछले वर्ष से भी अधिक प्रलयकारी फ्लड आयेंगे और उसी तरह करोडों रुपयों की क्षति होगी और इस योजना पर लगाया जाने वाला सब रुपया बर्बाद हो जायेगा।

इस लिए मेरा निवेदन है कि मंत्री महोदय नेपाल और भारत के सिंचाई सम्बन्धी टेकनिकल अधिकारियों की एक बैठक दिल्ली में संसद का सत्र खत्म होने से पहले, या उस के तुरन्त बाद जून के प्रथम सप्ताह में बुलायें, । उस में वह उत्तरी बिहार के संसद सदस्यों को भी आमंत्रित करें। मैं समझता हूं कि आपस में विचार विमर्श करने से अच्छा नतीजा निकलेगा। अगर भारत-नेपाल सीमा से 20 मील उत्तर में ननथूर पहाड के नीचे बैरेज बनाया जायेगा, तो बागमती नदी सिंचाई योजना से लाखों लोगों को फायदा होगा।

इस योजना के बनने से सीतामढी और मोतीहारी जिले की करीब ढाई लाख एकड जमीन की सिंचाई होगी। इसलिये मेरा फिर आप से निवेदन है कि जितनी जल्दी हो सके आप बैठक की व्यवस्था दिल्ली में करें। (व्यवधान) ..

श्रीमन् मुझे इस सदस के अधिवेशन में पहली बार बोलने का मौका मिला है, इसलिए मेरा निवेदन है कि दस मिनट कम से कम और समय मुझे दें।

सभापति महोदय यह मेरे वश में नहीं है। आप मंत्री जी से पूछिए।

श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव : मैं कृषि मंत्री का ध्यान उत्तर बिहार और पंजाब में जो बडे बडे ओले गिरे हैं उन की तरफ दिलाना चाहता हूं जिस से पंजाब में भी करोडों रुपए की क्षति हुई और उत्तर बिहार और दक्षिणी बिहार में भी क्षति हुई है। मेरा निवेदन है कि जहां भी ओले पडने से क्षति हुई है वहां किसानों को सरकार की ओर से मुआवजा मिलना चाहिए जिस से किसान अगली फसल में खेती करने लायक रह सकें और खेती कर सकें।

श्री जगजीवन राम राज्य सरकार देती है।

श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव : मैं श्रद्धेय कृषि मंत्री का ध्यान भूमि सुधार की ओर से जाना चाहता हूं। यह ठीक है कि मुझे ज्यादा तो हमारे कृषि मंत्री जी बिहार की बात जानते हैं लेकिन फिर भी मेरा निवेदन है कि जो बिहार की स्थिति है उस में अभी भी गरीब किसान और गरीब मजदूर जो बटाई पर खेती करते हैं जिन के अधिकार में पचासों वर्ष से जमीन है उन को वहां के बड़े बड़े महंत जबर्दस्ती उस जमीन से बेदखल कर रहे हैं। खास कर के सीतामढ़ी में खरबी एक गांव है उस गांव की एक घटना की ओर मैं कृषि मंत्री का ध्यान से जाना चाहता हूं। मैं ने टेलीग्राम भी दिया था वहां की घटना के बारे में दिसम्बर की घटना है। वहां पर मठ के सेवइत, श्री राम मिलन साही है। उस मठ की जमीन वहां के गरीब किसान और मजदूर बटाई पर पचासों वर्ष से जोत रहे थे। लेकिन उस महंत के सेवैत श्री राम मिलन साही वहां के अधिकारियों से मिल कर, अनुमंडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी प्रखंड पदाधिकारी, थानेदार बथनाहा सभी को मिला कर रातों रात ट्रैक्टर से उन गरीब हरिजनों और किसानों की जमीन जोत कर उन को उस से बेदखल कर दिया। । मैं सूचना मिलने पर दिल्ली से गया था मेरे घर पर करीब पांच सौ हरिजन आए अपनी स्थिति से अवगत कराने के लिए। मैं गया खरबी गांव में और जब मैं गया तो महंत के करीब सौ लठैतों ने लाठी भाला और गड़ासा ले कर केवल मुझे ही नहीं घेरा बल्कि वहां के प्रखण्ड के जो सभापति देवी कांत झा जी थे उन को और जो हमारे कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता थे उन सब को घेर लिया। संयोग से भाले से हम लोग बच गए नहीं तो उसी जगह हम लोग मर जाते। इतना होने पर भी आप को आश्चर्य होगा वहां पुलिस खड़ी थी लेकिन महंत के लठैतों ने जब भाले गड़ासे से लैस हो कर कांग्रेस और कम्यूनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ताओं पर अटैक किया तो वह खड़ी देखती रही। इस की सूचना टेलीग्राम से मैंने तुरन्त प्रधान मंत्री, कृषि मंत्री, कांग्रेस के प्रेसीडेंट, चीफ मिनिस्टर बिहार और चीफ सेक्रेटरी बिहार सब को दी। करीब दो सौ रुपए टेलीग्राम पर मैंने खर्च किया। बिहार विधान सभा और कौंसिल में भी विधायकों ने और परिषद के मेम्बरों ने बिहार सरकार से डिमांड की कि वहां के दोषी अधिकारी, थानेदार, प्रखंड अधिकारी इन को सस्पेन्ड कर के हटाया जाय। लेकिन सैकड़ों विधायकों के अनुरोध के बावजूद अभी तक वहां के अनधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अभी थानेदार की बदली तक नहीं हुई है। प्रखण्ड पदाधिकारी, एवं अन्य दोषी अधिकारी सब अभी भी मौजूद हैं। इस लिए मेरा आपसे निवेदन है कि भारत सरकार की ओर से स्टेट गवर्नमेंट और चीफ मिनिस्टर के पास हिदायत जानी चाहिए और तत्काल संसद सदस्यों की एक कमेटी वहां पर भेजी जाये जोकि खरबी गांव में जाकर इन्कवायरी करे और जिन अधिकारियों का भी उसमें हाथ हो उनको तत्काल सस्पेंड किया जाये। डिसमिस किया जाये। (**व्यवधान**)
इस अधिवेशन में सभापति महोदय, मुझे बोलने का मौका नहीं मिला इसलिए मुझे तीन मिनट और दीजिए।

सभापति महोदय : इसके लिए क्या मैं जिमेदार हूं ?

श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव : जिस आसन पर आप आसीन हैं वहां भी आप समाजवाद लाने की व्यवस्था करें।

अब मैं कृषि मंत्री जी का ध्यान भारत वर्ष के जो कृषक हैं उनकी दयनीय स्थिति की ओर ले जाना चाहता हूं।

सभापति महोदय: आपने खरबी गांव के किसानों के बारे में ध्यान आकर्षित कर

[श्री सभापति महोदय]

दिया वह बहुत महत्व की बात थी। अब भारत के किसानों की दयनीय स्थिति का जहां तक सवाल है वह बाबूजी को मालूम है। आप थोड़ा समय दूसरों को भी दीजिए।

श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव आप भी जब इस आसन पर होते हैं तो आप भी यही कहते हैं जो मैं कहता हूं। जिस आसन पर आप हैं वहां भी आप समाजवाद लाइये।

सभापति महोदय : आप प्वाइन्ट्स ही बताइये।

श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव : वही बता रहा हूं।

जहां तक शुगरकेन की कीमत की बात है आज जलावन की लकड़ी 6 रुपए प्रति मन बिकती है लेकिन शुगरकेन के ऊपर जो किसानों का खर्चा होता है, किसान का जो परिश्रम होता है उसके अनुपात में कीमत नहीं मिलती है। उसलिए मेरा निवेदन है आगे जो सीलिंग आने वाली है उसमें शुगरकेन की प्राइस में भी वृद्धि होनी चाहिए जिनसे कि भारतवर्ष के किसान जिन्होंने शुगरकेन की खेती कम करनी प्रारम्भ करदी है उसके स्थान पर अधिक खेती कर सकें।

इसके साथ ही मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान भारतवर्ष में जो शुगर मिलें हैं उनके राष्ट्रीयकरण करने की ओर दिलाना चाहता हूं। जितनी जलदी हो सके कृषि मंत्री जी शुगर मिलों का राष्ट्रीयकरण करने की व्यवस्था करें।

आपने जो समय दिया उसके लिए धन्यवाद।

SHRI D. K. PANDA (Bhanjanagar): Sir, I would not have been tempted to speak, but I thought I should also add my support after a national consensus has been reached for sugar nationalisation in addition to the commitment of the government and the Congress Party to it. Most of the members on the other side did not raise it, not because they did not want sugar nationalisation but because some sort of demoralisation is there since that subject is now pushed back. If experience is to be the teacher, at least this year, after so many concessions have been offered and after having increased the open market sugar from 30 to 35 per cent, most of the sugar factories have stopped taking cane from the growers two months earlier, even though sugarcane production has increased and people are ready to supply cane So, it is going to result in less production and there will be shortage. This is the creation of these sugar magnates Because of their actions, there will again be shortage and the prices will again be pushed up I want to say that this is treachery not only to the people or the Government but treachery to their own commitment They were committed to a production of 50 lakh tonnes but we are not going to reach that figure as far as this year is concerned 300 Members of Parliament have given a memorandum to the Government requesting them to take over the sugar industry Rs 74 crores have been set apart for modernisation With that money, you can take over the sugar industry Why don't you implement the Bhargava Committee's recommendations? Why don't you create a sugar corporation?

Secondly, arrears to the tune of Rs 55 crores have been accumulated with the mill owners but they are not paying any attention to pay the arrears I request the Government that they should be taken to task severely. This question is being raised every time in the AICC, AITUC and other trade union organisations but nothing has been done so far Why do not you do away with this thing? The entire aim of the 20-Point Economic Programme is to increase production but as far as sugar production is concerned, these magnates are coming in the way of increasing the production.

The National Commission has said:

"It has been the experience that with every development in any part of the country, whether through better irrigation or adoption of improved techniques and practices, imbalances in incomes and capacities perpetuate "dual economics" (one monetised economy and my and the other, non-monetised subsistence economy) unless deliberate efforts are made to reduce inequality of opportunities to get credit and use it effectively."

17 hrs.

So, this leads to greater unemployment and under-employment and these problems have assumed so much of a serious proportion that unless you make a radical departure from the past and see that a credit system is specially evolved, it may not be possible to solve this problem. In spite of growth in the economy it has been said that there is a worsening of the employment situation in the rural sector. This is due to lack of adequate opportunities for agricultural development programmes. It says here:

"Growth cannot be the sole object of development planning. It is the manner in which growth is obtained, from the point of view of employment generation and amelioration of the conditions of the rural poor...."

which is important. No doubt Rs. 870 crores have been pushed into this sector. There is no doubt that it is a big achievement. But the question is whether the benefits have accrued to the people in the rural sector who constitute the 72 per cent. I do not find an answer to this question anywhere. What per centage of all the loans, of all the aids, and of the results of technological development that have been provided to them and of the techniques made available to them, have benefited the 72 per cent people of that sector? I also want a categorical answer to this aspect of the question. Therefore, my suggestion will be this. In Orissa, there are 2,000 acres in one patch; and the landless people have occupied it. You will find several such patches in several districts. Why not develop them and why not have cooperatives of marginal farmers and agricultural labourers, so that the money can be invested there? They can have separate cooperatives. In page 18 of the Report, mention has been made of the Farmers' Service Societies and it has been said that all the cultivators will be there as members of such Societies, but that

"control over management is required to be vested in the weaker sections which will have two-third seats on the board of management of the societies."

No; I oppose this. The rich farmers and the landlords who have turned out to be kulaks should not be allowed into such cooperatives. A separate cooperative, with all the money—whether it is adequate or not—should be there for agricultural labourers and small farmers. Phase by phase, there must be a separate sector, a separate cooperative and a separate service cooperative having these 72 per cent people as members, so that they can make a dent on their poverty. Otherwise, the problem cannot be solved. I want a categorical answer to these points.

MR. CHAIRMAN: There are 19 Members on the list; and I have 90 minutes. It comes to not even 5 minutes for each Member. What do you suggest? Either each one of you speak for 5 minutes; or some of you might forgo your chance, so that others can speak for 6 or 7 minutes. Otherwise, at the end of the fourth minute, I will ring the bell; and at the end of the fifth minute, I will close. It is not my duty to ring the bill. You can note it yourself. We are going up to 6.30 p.m., i.e beyond the scheduled time. Even then I can give only five minutes. If some Member forgoes his chance, then I can give to

[Mr. Chairman]

some others, about 7 minutes. I cannot agree that some Members are not there. I have seen them; most of them have come.

Now, Mr. Jagannath Mishra. He should speak only for five minutes.

श्री जगन्नाथ मिश्र (मधुबनी) सभापति महोदय, हमारा देश कृषि प्रधान है। अगर कृषि की हालत ठीक रही तो देश की हालत ठीक है और अगर कृषि गडबडायी तो देश की भी हालत गडबडा जाती है। हम ने पिछले दिनों देखा कि कृषि के गडबडाने से देश मे किस तरह का कोहराम मच गया था, महगाई आकाश छूने लगी थी, और उस वक्त मैं प्रधान मंत्री महोदया को धन्यवाद दिए बिना नहीं रह सकता कि उन्होंने किस तरह से अपनी क्षमता का परिचय दिया और कैसे योग्य और अनुभवी और लब्ध प्रतिष्ठ मंत्री को इस विभाग में लाकर रख दिया, और उन्होंने अपने योग्य सहयोगियों के साथ जैसे अपने विभाग मे काया पलट की यह सर्वत्र प्रशंसा का विषय है। भारत मे ही नही बल्कि विदेशो मे भी इस की प्रशंसा होती रही। जहा और देश महगाई को संभाल नही सके, वहा हिन्दुस्तान ने अपनी महगाई पर विजय पाई है।

श्रीमन् कृषि के विकास के लिए उन्होंने 69 करोड रुपए खर्च करने का विचार किया है, जिस में 19 करोड रुपए की धनराशि उपलब्ध सिंचाई साधनों के अधिकतम उपयोग करने पर खर्च की जाएगी। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भूमि को समतल किया जाएगा और पानी की नाली आदि बनाई जायेगी।

इस के बाद फसलों की उपज बढाने के विशेष कार्यक्रम पर 15 करोड रुपए खर्च किये जायेंगे और किसानों को उन्नत बीज की आपूर्ति करने के लिए 10 करोड 58 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। यह धनराशि राजकीय फार्म निगम को विभिन्न फसलों के उत्पन्न करने के लिए ऋण एवं अनुदान के रूप में दी जाएगी।

एक बात मैं यह कहना चाहूंगा कि इस वर्ष 1.1 मिलियन हैक्टेयर जमीन में सिंचाई की व्यवस्था हो सकेगी जबकि चौथी पंचवर्षीय योजना में केवल 0.66 मिलियन हैक्टेयर जमीन में सिंचाई की व्यवस्था हुई थी। यह बीस सूत्री कार्यक्रम का सुपरिणाम है।

श्रीमन् 1976–77 में 725 करोड रुपया खर्च कर के 1.25 मिलियन हैक्टेयर जमीन में सिंचाई के साधन उपलब्ध हो सकेंगे, और पांचवी पंचवर्षीय योजना में 2401 करोड रुपए की व्यवस्था है।

श्रीमन् एक बहुत ही अच्छी व्यवस्था ये करने जा रहे है और वह नेशनल कमीशन आन फलड्स की नियुक्ति की है। इस के बारे में बहुत से सदस्यों ने कहा है और मैं भी इस के बारे में जोर दे कर कहूंगा क्योंकि हाल ही में देश के कई भागों में फलड्स ने कोहराम मचा दिया था और हमारे यहा बिहार में पटना में इस बाढ से बहुत बर्बादी हुई थी। अगर देश की सारी बर्बादी को देखा जाए, तो यह 471 करोड रुपया कूती जा सकती है।

आधुनिक यंत्रों द्वारा ही कृषि में उन्नत कर सकते हैं, इस से मैं सहमत नहीं हूं। श्रीमन्, हमारे देश में जो जमीन है वह छोटे-2 टुकडों में बटी हुई है और अभी लैंड रिफार्म्स और सीलिंग एक्ट के अन्तर्गत जो एकट्ठा जमीन उपलब्ध की है, वह भी छोटे छोटे टूकडों में हैं। उस में आप ट्रैक्टर कैसे चला सकते हैं और कैसे ट्यूबवेल्स लगा सकते हैं और कैसे पम्पिंग सैट्स लगा सकते हैं। इसलिए जो पुरानी प्रथा है हल चलाने की है, वह भी अवश्य रखनी होगी। इसलिए

मेरा यह आग्रह है कि इस के लिए आप को गोपालन की ओर ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि अगर गो-पालन ठीक से होगा, तो बछड़े बजबूत होंगे ।

श्री जगजीवन राम : पंजाब में लोग गो रखने लगे हैं ।

श्री जगन्नाथ मिश्र : पंजाब में वे लोग तो फायदा उठा रहे हैं लेकिन हम नहीं उठा रहे हैं । लोग कहते हैं कि भैंसे से भी खेती का काम लिया जा सकता है लेकिन उस में गर्मी सहने की शक्ति कम है । हमें इसलिए बैल पर निर्भर करना पड़ेगा और इसके लिए जरूरी है कि गो-पालन पर सब से ज्यादा ध्यान दिया जाए ।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने दिल्ली के कुछ गावों में छोटे किसानों की सहायता के लिए उन की समस्याओं के समाधान के लिए एक वर्ष पूर्व एक परियोजना प्रारम्भ की थी और उस से यह पता चलाया था कि कैसे उन की पैदावार बढ़ाई जा सकती है । उन्होंने यह बताया था कि मिट्टी को कैसे उपयोगी बना सकते है और कैसे खारी पानी को सिंचाई के काम में ला सकते हैं । उन के बहुत सुपरिणाम निकले हैं । उससे किसान एक एकड में खर्चा काट कर एक हजार रुपए की आमदनी कर सकता है ।

मलमूत्र से बड़े पैमाने पर खाद बनाने की सलाह हमारे कृषि मंत्री जी ने 2 अप्रैल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को दी थी । मैं 8 अप्रैल के हिन्दुस्तान से आप को पढ़ कर सुनाता हूं :

"कृषि तथा सिंचाई मंत्री श्री जगजीवन रामने आज यहां भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सलाह दी कि उसे भारत के 60 करोड़ जनसंख्या के मलमूत्र से बड़े पैमाने पर खाद तैयार कराने की ओर ध्यान देना चाहिए ।"

इसलिए मैं इस बात को कहना हू कि खाद के लिए हमें केवल सरकार पर ही निर्भर नहीं करना चाहिए । हमें खुद भी सोचना चाहिए और बाहर के देशों पर खाद के मामले में निर्भर न रह कर हम खुद भी खाद तैयार कर सकते हैं । इस से हम फारेन एक्सचेंज बचा सकते हैं और उस को बचा कर विकास के काम में लगा सकते हैं ।

कृषि के विकास की ओर आपका विशेष ध्यान देना चाहिए । राष्ट्रीय आय का सब से ज्यादा भाग आपको कृषि से प्राप्त होता है । इस वास्ते अगर कृषि को हम उन्नत न बना सके तो हमारा देश कभी भी उन्नतिशील नहीं बन पाएगा । उस अवस्था में गावों के लोग भाग भाग कर शहरों की तरफ आते रहेंगे । शहरों की जो दुर्दशा है वह आपको मालूम ही है । इससे उनकी हालत और भी बदतर हो जाएगी । इस वास्ते यह आवश्यक है कि हम उनके लिए वहां साधन उपलब्ध करें और वे खेती में ही लगे रहें और शहरों की तरफ न आएं ।

दवाइयों का भी आपको प्रबंध करना चाहिए सिंचाई के साधन भी उनको मुहैया आपको करने चाहिए । जमीन के नीचे काफी पानी है । हम उसको सिंचाई के काम में ला सकते हैं । कमजोर वर्ग के जो किसान हैं उनको बैंकों से कर्जों का भी प्रबंध आपको करना चाहिए । अभी गावों से बैंक बहुत दूर हैं । उन लोगों को बैंकों से पैसा मिलता भी नहीं है । इधर आपने बहुत से कानून बना दिए हैं । उनकी भलाई के । लेकिन वे कार्यान्वित नहीं हो रहे हैं, जो आपकी घोषणायें है उन पर अमल नहीं हो रहा है । नतीजा यह हो रहा है कि भलाई भी बुराई में परिणत हो रही है । मेरा सुझाव है कि गाव के लोगों के वास्ते बीमे की परिपाटी आपको चलानी चाहिए फसलों आदि का बीमा आपको करना चाहिए । इसके लिए आप ग्रामीणों को ही तैयार करें । प्रीमियम देने की व्यवस्था गावों में ही हो ।

SHRI M. S. SANJEEVI RAO (Kakinada): I rise to support the Demands of the Agriculture Ministry.

Thanks to resolute and dynamic leadership, there has been an unprecedented sense of discipline and dedication throughout the country. I must congratulate the Ministry of Agriculture on taking advantage of this mood in the country, and because of the kindness of nature, they are able to build up a buffer stock of nearly 11 million tons. I must congratulate them on this. But I am afraid that in spite of their great success, the mood and the morale of the farmers in India are completely gone. It is high time that we realised what is wrong, what is happening to them. I am afraid they are terror-stricken and completely demoralised.

Shri Shinde is a very competent Minister and an able Parliamentarian He has given certain statistics. He said that we had to give nearly Rs. 149 crores or so as subsidy for fertilisers I am sure he is aware that last year the country was short of quality seeds This year, however, the National Seeds Corporation wants to export these quality seeds. Is it because we are surplus in them? I am afraid it is because our marginal farmers are not in a position to purchase them I am afraid the same situation will arise in fertilisers also.

This year we have produced 15 lakh tonnes of fertilisers. Next year we hope to produce 18 lakh tonnes. We are consuming about 25 lakh tonnes. I will not be surprised if, as in quality seeds, we are forced to export fertilisers, with the net result that the country will face the same situation as we were facing last year. So, my appeal to our able Jagjivan Ram Babu is that we must see that the prices of inputs for the farmers like fertilisers, insecticides and power should be reduced. He must be aware that we have spent nearly Rs. 800 crores in foreign exchange to import 400 million tonnes of wheat. Why should he grudge paying Rs. 200 crores more as subsidy for fertilisers? I appeal to him to think about it once again.

Now I come to sugar. Last year we produced 48 lakh tonnes and exported 13 lakh tonnes, earning a foreign exchange of Rs. 475 crores, but this year we could produce only 43 lakh tonnes. I am afraid we will come to a stage like that of jute. May I bring to your notice that the private sector in the jute industry has killed that industry? This year we could export only up to Rs. 239 crores. I can tell you that the jute industry is dead and gone and I appeal to you that since there can be no question of any retrenchment, they must have some alternative agricultural employment in West Bengal. They should slowly switch over to some other product

Why I am bringing this up is because it is just like cotton. The position in regard to cotton was also the same but, thanks to the timely intervention, the National Textile Corporation was created and I am happy to know that by next year we will be able to improve.

So I appeal once again to our able Jagjivan Ram Babu that we should look after our farmers. If we don't look after them, they will be finished. Now we have got Rs. 768 crores and we have decided to support agriculture and agriculture-based industries like fertilizers etc. in a massive way. But are we really doing it?

In this background, I would like to say that he should give more money for the big projects also. For example, in my State of Andhra Pradesh, the State has already spent about Rs. 300 crores and they have built a huge reservoir but we could use the water hardly for one million acres. Now, if you give us a little more money, we

can raise crops on 2 million acres. I want the Centre to be more sympathetic and to clear the Polavaram Barrage in Andhra Pradesh which will help us a great deal in the production of rice.

Since my time is short, I will come to the point about export-oriented agriculture. He has said that he has given a sum to the tune of a thousand crores, but I am afraid that when we have a deficit of Rs. 1400 crore this thousand crores is very meagre. We have done well in sugar and we have done well in tea, where it is 200 crores and in the case of coffee it is about 50 crores. But we must specialise in fisheries. We are happy that we have exported to the tune of Rs. 100 crores this year as compared to Rs. 60 crores, but it is a field where there are tremendous potentialities. We are on the fringe of it, but unfortunately, we are concentrating only on shrimps and lobsters It is high time that we concentrate on tuna fish.

In a country with a coastal area of 5,000 kilometres, we have only about 11000 motorised boats and they can operate only on on-shore. We should go ahead with buying big trawlers. They always say that we are importing 30 trawlers from Mexico, but what is 30 trawlers for a country with a coast of 5000 kilometres? I appeal to you that you should see that we buy more trawlers and that we also concentrate on tuna fish .

MR CHAIRMAN: Your time is up. Please sit down.

SHRI M S. SANJEEVI RAO: Just one minute more.

MR. CHAIRMAN: No, please sit down, I am standing.

श्री रामभगत पासवान (रोसेरा): सभापति महोदय, मैं आप का बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

सर्वप्रथम मैं बाबूजी के प्रति बहुत आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने और विभागों में सफलता प्राप्त करने के बाद कृषि विभाग का

कार्य भार सम्भाल कर चन्द बरसों में ही खाद्य की विकराल समस्या का समाधान कर के देश को खाद्यान्न के मामले में आत्म निर्भर बना दिया है। कृषि राष्ट्र की एक बहुत महत्वपूर्ण सम्पत्ति है। इसलिए उस की व्यवस्था भी समाजवादी ढग से होनी चाहिए। इस का अर्थ यह है कि जो खेती करना जानते हैं, उन्हें ही जमीन मिलनी चाहिए और जो खेती करना नहीं जानते हैं, उन को जमीन नहीं मिलनी चाहिए। लेकिन हमारे देश में ठीक इस से उलटा तरीका है जो खेती करना नहीं जानते हैं, उन के पास सैकड़ों हजारों एकड़ जमीन है। और जो खेती करना जानते हैं वे भूमिहीन हैं।

प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी 20 सूत्री कार्य क्रम के द्वारा देश की गरीबी मिटा कर एक खुशहाल समाज का निर्माण करना चाहती हैं जिस में भूमिहीनो को भूमि मिले, गृहहीनों को आवास के लिए जमीन मिले, मजदूरों को मजदूरी मिले और सभी को रोजी रोजगार का साधन मिले। 20 सूत्री कार्य क्रम को जनता श्रद्धा की दृष्टि से देख रही है और उस को सफल बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन उसके उल्टे कुछ पूंजीपति और अफसरशाही के लोग उस में अड़ंगा लगा रहे हैं। मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि यह अफसरशाही और पूंजीपति जो 20 सूत्री कार्य क्रम मे अड़गा लगा रहे है उसे दूर करने के लिए उन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाय।

भूमि हदबन्दी कानून तो आप ने पास कर दिया। लेकिन अभी तक भूमि सुधार के अंतर्गत गरीबों को जो भूमि मिली है वह नहीं के बराबर है। इस से गरीबों के बीच कुछ खतरा भी उपस्थित हो गया है इस सेंस में कि जो बड़े बड़े भूमिपति हैं वे जानते हैं कि हो सकता है कि हमारी जमीन सीलिंग के अतर्गत छीन ली जाय, इसलिए उन्होंने अपने रिश्ते दारों और कुत्ते बिल्लियों के नाम फर्जी अपनी जमीन करवा दी और अपने को लैंडलेस साबित

[श्री रामभगत पासवान]

कर दिया। लैंडलेस साबित कर के गरिबों को जमीन उन्होने दे रखी थी वह उन से छीन दूसरों के हाथ बेच रहे हैं। यदि गरीब अपने हक के लिए लड़ते हैं तो उन पर पुलिस केस कर दिया जाता है और कई केसेज कर के उन्हे तबाह कर दिया जाता है। दरभंगा जिले के मधुबन ग्राम में 15 हरिजन परिवार हैं जिन के घर आगन केला बाडी और उन की जोत की जमीन जो सदियों से उन के कब्जे मे है उस सब को इसी तरीके से छीन करके जमीदार ने कह दिया कि यह जमीन हमारी है। उसके लिए हाई लेवल इनक्वायरी भी हो गई फिर भी ये जमीदार उस जमीन का सैटलमेंट करना चाहते है। लोअर कोर्ट द्वारा हरिजन के पक्ष में निर्णय हो गया उसके बाद भी एडीशनल कलैक्टर ने जातीयता के आधार पर उनके नाम से सैटलमेंट कर दिया। उन जमीदारों के पास सैकडो एकड जमीन है। तो सीलिंग के अन्तर्गत उन मे उनकी जमीन लेनी चाहिये वह न करके उलटे उनको और यह जमीन दे दी और उनके नाम सैटलमेंट कर दिया। इसकी आप हाई लेवल इनक्वायरी फिर कराए ताकि गरीबों का जो घर और भूमि पर है वह कायम रह सके।

भूमि सुधार का यह जो तरीका है इसे अमल में अफसरशाही द्वारा जो फाजल जमीन है वह प्राप्त नही की जा सकती। आप पचायत लेवल पर एक कमेटी बना दीजिए जिसमे भूमिहीन व्यक्ति जो पढे लिखे है उनको सदस्य बना दीजिये। वे तो जानते हैं कि पचायत मे किन के पास कितनी जमीन है, वे पता लगा कर जो फैसला करे उसको माना जाए।

जिस जमीन पर गरीब बसे हुए हैं उसके लिए उनको पर्ची दी जाती है लेकिन डिसप्यूट पर्ची उनको दी जा रही है। अगर उनका घर डेढ़ कट्ठे में है तो तीन घर की पर्ची दी जाती है और और बाकी जमीन जमीनदार ले लेते हैं। मेरा निवेदन है कि ऐसी डिसप्यूटिड पर्ची उनको न दी जाए और जो अधिकारी ऐसा करते हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए कोई केसिस हों तो उसका पूरा खर्च सरकार को गरीबों को देना चाहिये।

